<u>कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर ।</u>

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य-05/2024 **दिनांक 29/06//2024**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0 ।

अपने पत्र संख्या:वीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है ।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 28.06.2024** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

<u>01. स्वाट सर्विलांस व थाना भुड़कुड़ा पुलिस की संयुक्त टीम ने कल दिनांक 27.06.2024 को थाना भुड़कुड़ा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम घटारो में मृतक विमलेस चौहान की हुई हत्या में नामज़द 04 नफर अभियुक्तगण को मय आलाकत्ल 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार।</u>

अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कल दिनांक 27.06.2024 को थाना भुडकुड़ा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम घटारो मे मृतक विमलेस चौहान पुत्र शंकर चौहान की हत्या के प्रकरण में थाना भुडकुड़ा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 64/2024 धारा 302/504/34/323 भादवि व 3/25/27 आर्म्स एक्ट में स्वाट/सर्विलांस व थाना भुड़कुड़ा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा लगातार किये जा रहे प्रयास के फलस्वरूप मृतक उपरोक्त की हत्या से संबंधित 04 नफर अभियुक्तगण को आज दिनांक 28.06.2024 को रेलवे स्टेशन जखनियाँ से समय करीब 05.45 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ विवरण-

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया की हम लोगो के बीच जमीन का विवाद था इसलिए हम लोगो ने मिलकर विमलेश चौहान की हत्या कर दिया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता -

1.बिट्टू चौहान पुत्र इन्द्रदेव चौहान उम्र 24 वर्ष

2.पिन्टू चौहान पुत्र इन्द्रदेव चौहान उम्र 19 वर्ष

3.बिन्दू देवी पत्नी इन्द्रदेव चौहान उम्र 41 वर्ष

4.पूजा चौहान पुत्री इन्द्रदेव चौहान उम्र 19 वर्ष

निवासीगण ग्राम घटारो थाना भुडकुड़ा जनपद गाजीपुर

बरामदगी

01. एक अदद देशी तमंचा.315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस.315 बोर

02. दो अदद सूखे बास का डंडा

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर